
# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# जमवारामगढ़ मे 108 कुंडी श्री गोपाल पुष्टि महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा, विधायक महेद्रं पाल मीणा हुए शामिल।


Publisher

Published on 28 May 2025

## श्री राधगोविंद दास महाराज के सानिध्य मे आयोजित हो रहा है नो दिवसीय श्री गोपाल पुष्टि महायज्ञ।

सवांदाता,जमवारामगढ़

(जयपुर)

**जमवारामगढ़ (जयपुर):** जमवारामगढ़ के **पुराना खेड़ा नरपतियावास क्षेत्र मे 108 कुंडी श्री.गोपाल पुष्टि महायज्ञ** का आयोजन किया जा रहा है। **नो दिवसीय** इस विशाल यज्ञ का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ हुआ। यह यज्ञ **परम पूज्य श्री राधगोविंद दास महाराज** के सानिध्य में संपन्न हो रहा है।

इस शुभ अवसर पर **जमवारामगढ़ विधायक श्री महेद्रं पाल मीणा** ने कलश यात्रा में भाग लिया और यज्ञ मंडप में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश एवं प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और सद्भावना की कामना की।

**धार्मिक वातावरण मे गूंजे वेद मंत्र, उमड़ा जनसैलाब**

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर शामिल हुईं। यात्रा के दौरान **भक्ति संगीत, बैडं-बाजे** और मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालु हर-हर गोपाल की जय घोष करते हुए आगे बढ़े। धार्मिक उत्सव में **स्थानीय ग्रामीण, संत-महात्मा, समाजसेवी** एवं गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।

**विधायक महेद्रं पाल मीणा ने किया यज्ञ आयोजन समिति का सम्मान**

यज्ञ स्थल पर पहुंचकर **विधायक महेद्रं पाल मीणा** ने यज्ञ आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं को **अंगवस्त्र और माल्यार्पण** कर सम्मानित किया और कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता और संस्कृति की जीवंतता के प्रतीक हैं।

उन्होंने कहा, "धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को बल देते हैं, बल्कि समाज को जोड़ने का कार्य भी करते हैं।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.